तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मतदाता सूची विवाद पर कांग्रेस का प्रदर्शन...



11 सात स्कूलों में बच्चों को बताए सुरक्षा के पांच कानून



खबर संक्षेप

जिले के सभी स्कूलों में अवकाश आज

बेमेतरा। बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' की आशंका और मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए बेमेतरा जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने 29 अक्टूबर 2026 को जिले के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। प्रशासन के अनुसार, मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। संभावित जोखिम को देखते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से मौसम संबंधी आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान देने, सतर्क रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। प्रशासन की अपील है कि नागरिक सावधानी बरतें और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

लेखा रजक ने विद्यालय को भेंट किए दो सीलिंग पंखे

साजा। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत 'शिक्षादूत सम्मान' से सम्मानित सहायक शिक्षक लेखा रजक ने सम्मान मिलने की खुशी को विद्यार्थियों के हित में समर्पित करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुवरतला को अपने स्वयं के खर्च से दो सीलिंग पंखे भेंट किए। लेखा रजक ने दोनों पंखे विद्यालय की प्रधान पाठक सुनीता जोशी को सौंपे। उनका उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर प्रधान पाठक सुनीता जोशी, शिक्षक संतोष ठाकुर, शिक्षक खुबी राम साहू, शिक्षिका अंजली वर्मा, सहायक शिक्षक बेला ध्रुव एवं माहेश्वरी साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधान पाठक सुनीता जोशी ने इस नेक एवं अनुकरणीय पहल के लिए शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित लेखा रजक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पंखे भेंट करने के लिए लेखा रजक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। लेखा रजक की इस पहल की उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सराहना की। उनका यह कार्य सम्मान की खुशी को विद्यार्थियों के हित और विद्यालय विकास से जोड़ने की प्रेरणादायी मिसाल बन गया है।

खंडहर में मिली नशे की दवा 59 हजार का सामान जब्त



भिलाई। नशे की दवा के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस खंडहर के पास प्रतिबंधित स्पास्मो प्रॉक्सीवॉन प्लस कैप्सूल बेचने वाले युवक 02/बी, के.एल.सी., वार्ड क्रमांक 31, जोन-01, सेक्टर-11, खुर्सीपार निवासी रेशम सिंह को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 12 स्ट्रीप में कुल 96 कैप्सूल नशे का, मोबाइल फोन, बाइक और नगदी जब्त किया गया। उक्त दवा की कीमत 59,400 रुपए आंकी गई है।

हमले का प्रयास, गिरफ्तार

भिलाई। तलवार से हमला करने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अमरेन्द्र सिंह ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रक हटाने की बात को लेकर ट्रक चालक और पीड़ित के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी हथखोज निवासी सचिदानंद सिंह को पकड़ा गया।

शहीद पुलिस जवानों की वीरता और बलिदान से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस स्मृति दिवस सप्ताह के दौरान बेमेतरा में चित्र एवं शस्त्र (आर्म्स) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

यातायात शाखा और थाना सिटी कोतवाली परिसर में आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों और आम नागरिकों को शहीद पुलिस जवानों की वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान से परिचित कराया गया। प्रदर्शनी में पुलिस शहीदों की दुर्लभ तस्वीरों, उनके बलिदान से जुड़े ऐतिहासिक विवरणों, विभिन्न प्रकार के शस्त्रों और आपातकालीन सामग्री को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य देश और समाज की सुरक्षा के लिए कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस जवानों के त्याग एवं समर्पण को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, पुलिस परिजनों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने शहीदों के चित्रों एवं स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। प्रदर्शनी में उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को पुलिस के कर्तव्यों, देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिस बल की भूमिका तथा विषम परिस्थितियों में जवानों द्वारा निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई।

आर्म्स प्रदर्शनी में दिखे पुलिस के हथियार



कार्यप्रणाली से कराया अवगत

शस्त्रों और आपातकालीन उपकरणों के प्रदर्शन के जरिए पुलिस की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला, निरीक्षक कपिल देव पांडेय, सूबेदार चुमन राम उर्वशा, प्रभारी आर्म्स शाखा सउनि राममिलन सिंह, प्रधान आरक्षक खिलेन्द्र साहू, दौलत वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विरोध : संघ और भाजपा पर की थी अमर्यादित टिप्पणी

गुरुदयाल बंजारे के बयान के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस नेताओं की कथित अमर्यादित बयानबाजी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे का पुतला दहन किया गया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस की बयानबाजी को राजनीतिक मर्यादाओं के विपरीत बताते हुए संबंधित टिप्पणी पर सार्वजनिक माफी की मांग की। भाजपा के अनुसार, बीते दिनों कांग्रेस की एक सभा में गुरुदयाल सिंह बंजारे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ कथित तौर पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। इस बयान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। पार्टी इसके विरोध में लगातार आवाज उठा रही है और कांग्रेस से टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रही है। इसी कड़ी में बेमेतरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की बयानबाजी पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक मंचों से ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, जिससे राजनीतिक वातावरण में कटुता बढ़े। भाजपा ने संबंधित बयान को लेकर कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने और सार्वजनिक माफी मांगने की मांग दोहराई। प्रदर्शन के जरिए पार्टी ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि भाजपा और आरएसएस के खिलाफ की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।



विधायक और संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद

प्रदर्शन में जिला भाजपा प्रभारी हर्षिता पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, विधायक ईश्वर साहू और विधायक दीपेश साहू सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इनके अलावा संध्या परगनिहा, राजेश ठाकुर, अंजय बघेल, प्रज्ञा निर्वाणी, विजय वर्मा, गौरव यादव, निशा चौबे, रेवाराम निषाद, होरीलाल सिन्हा, प्रवीण नीलू राजपूत, राजू देवांगन, नागेश साहू, महेश साहू, पोषण वर्मा और ओमप्रकाश जोशी सहित जिला भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन के माध्यम से कांग्रेस के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में पार्टी के जिला और स्थानीय स्तर के पदाधिकारियों की मौजूदगी से इस मुद्दे पर संगठन की नाराजगी सामने आई। भाजपा की ओर से संबंधित टिप्पणी पर सार्वजनिक माफी की मांग की गई है।

पावर एंड इस्पात प्लांट में प्रदूषण की सात खामियां, पर्यावरण मंडल ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ तहसील अंतर्गत मुड़पार-रामपुर गांव में संचालित मेसर्स बालाजी पावर एंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड पूर्व नाम वीएपी इस्पात पर्यावरण संरक्षण मंडल के निरीक्षण में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सात गंभीर खामियों के घेरे में आया है। प्रदूषण संबंधी शिकायतों के आधार पर 24 अक्टूबर को किए गए निरीक्षण में चिमनी से धुएं का उत्सर्जन, विभिन्न स्थानों पर धूल उड़ने और प्रदूषण निगरानी प्रणाली का डाटा अपडेट नहीं मिलने जैसी कमियां सामने आईं। इस पर पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई ने वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, 1981 की धारा 31-ए के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। पर्यावरण मंडल के अधिकारियों के निरीक्षण में पाया गया कि संयंत्र में 350 टीपीडी क्षमता की दोनों स्पंज आयरन भट्टियों की साझा चिमनी से भारी मात्रा में धुआं निकल रहा था। दोनों भट्टियों के कूलर डिस्चार्ज प्वाइंट पर खुले में उत्सर्जन हो रहा था। किल्न नंबर-2 की उत्पाद ▶▶| शेष पेज 11 पर

- 15 दिन में मांगा जवाब, उल्लंघन पर प्रतिदिन 30 हजार रुपये जुर्माने की कार्रवाई का प्रस्ताव

15 दिन में जवाब नहीं दिया तो होगी कार्रवाई

क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी, भिलाई ने उद्योग को नोटिस प्राप्त होने के 15 दिन के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया है। निर्धारित अवधि में जवाब नहीं मिलने पर प्रस्तावित निर्देशों को बिना किसी अन्य सूचना के अंतिम मानने की बात कही गई है। साथ ही, वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, 1981 की धारा 37 के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नोटिस के अनुसार, उल्लंघन के संबंध में प्रतिदिन 30 हजार रुपये की दर से जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है। अब उद्योग के जवाब और पर्यावरण मंडल की आगामी कार्रवाई पर नजर रहेगी।

वित्तीय समावेशन शिविर में 64 खातों की पुनः केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत जिले की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित वित्तीय समावेशन शिविरों में 64 बैंक खातों की पुनः केवाईसी पूरी की गई। ग्राम पंचायत पाहंदा और बाबामोहतरा में आयोजित शिविरों के माध्यम से नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, केवाईसी प्रक्रिया और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

- ओटीपी और पिन साझा नहीं करने की सलाह

वित्तीय साक्षरता अभियान 2026 के अंतर्गत जिले में 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 28 अक्टूबर को विकासखंड बेरला की ग्राम पंचायत पाहंदा और विकासखंड बेमेतरा की ग्राम पंचायत बाबामोहतरा में शिविर लगाए गए। भारतीय रिजर्व बैंक, रायपुर के प्रबंधक राहुल केरम ने दोनों शिविरों का निरीक्षण कर गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से चर्चा कर केवाईसी, पुनः केवाईसी तथा केंद्रीय केवाईसी की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का निर्बाध लाभ लेने के लिए खातों का केवाईसी विवरण अद्यतन रखना जरूरी है।

शिविर में नागरिकों को भारतीय रिजर्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 और दावा नहीं की गई जमा राशियों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतने और साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए गए। अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार ने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने और अज्ञात एप्लिकेशन या फाइल डाउनलोड करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पासवर्ड, ओटीपी और एटीएम या यूपीआई पिन जैसी ▶▶| शेष पेज 11 पर

पाहंदा में 23 और बाबामोहतरा में 41 खातों की केवाईसी

शिविर में पाहंदा, बाबामोहतरा और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों ने भाग लिया। बैंकिंग प्रक्रियाओं से संबंधित सवालों के जवाब देकर लोगों की शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान सीजीबी बरगांव शाखा के प्रबंधक सुधेश लुनिया और बेमेतरा सीजीबी शाखा के प्रबंधक नीलमडी भी उपस्थित रहे। उन्होंने खाताधारकों को पुनः केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने में सहयोग दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक के अनुसार, ग्राम पंचायत पाहंदा में 23 और बाबामोहतरा में 41 बैंक खातों की पुनः केवाईसी की गई। इस तरह दोनों शिविरों में कुल 64 खातों की प्रक्रिया पूरी हुई। शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के साथ सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित करना रहा।

पटवारियों की हड़ताल से किसान परेशान, धान पंजीयन और खरीदी पर असर की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

छत्तीसगढ़ में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और धान पंजीयन से जुड़ी तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है। राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने से किसानों को तहसील कार्यालय और सहकारी समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वर्तमान में राज्य में धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित है। ऐसे में पटवारियों की हड़ताल के बीच सभी पात्र किसानों का पंजीयन समय पर पूरा हो पाएगा या नहीं, इसे लेकर चिंता बढ़ गई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रोशन सिन्हा ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व संबंधी कई जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सीमांकन, राजस्व अभिलेखों में सुधार और अन्य आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पाने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर धान पंजीयन पर भी पड़ सकता है, जिससे आगामी धान खरीदी के दौरान किसानों के सामने समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। रोशन सिन्हा ने सवाल उठाया कि जब पटवारी हड़ताल पर हैं और राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, तब 31 अक्टूबर तक सभी पात्र किसानों का धान पंजीयन कैसे पूरा हो पाएगा? उन्होंने शासन से धान पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की, ताकि किसी भी पात्र किसान को पंजीयन से वंचित न होना पड़े और किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने के अवसर ▶▶| शेष पेज 11 पर

- 31 अक्टूबर अंतिम तिथि, पंजीयन की तारीख बढ़ाने की मांग



फिजिकल वेरिफिकेशन ऐप को लेकर पटवारियों में नाराजगी

रोशन सिन्हा ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा लागू किए गए फिजिकल वेरिफिकेशन ऐप को लेकर भी पटवारियों में नाराजगी है। इस ऐप के माध्यम से डिजिटल सर्वे करने तथा खेतों में जाकर जीपीएस आधारित फोटो अपलोड करने की अनिवार्यता को लेकर पटवारी व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। खड़ी फसल के मौतिक सत्यापन के दौरान आने वाली समस्याओं और कार्य के दबाव के कारण पटवारियों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि शासन को पटवारियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर उनका समाधान निकालना चाहिए। कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने से हड़ताल की स्थिति बनी हुई है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द पटवारियों से बातचीत कर हड़ताल समाप्त कराने की पहल की जाए, ताकि राजस्व कार्य सामान्य हो सकें और किसानों को राहत मिल सके।

आज निर्जला व्रत रखेंगी सुहागिनें, पति की दीर्घायु की करेंगी कामना

करवा चौथ की पूजा के लिए करवा और पूजन सामग्री से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना लेकर सुहागिनें आज करवा चौथ का व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर शहर के बाजार में रौनक छाई हुई है। बुधवार को साड़ी, चूड़ी, कॉस्मेटिक और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। रंग-बिरंगे करवे, आकर्षक पूजा की थालियां और सजावटी छलनी महिलाओं को लुभा रही हैं। वहीं, मेहंदी सेंटरों और ब्यूटी पार्लरों में भी तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है।

- साड़ी-चूड़ी से लेकर आभूषणों तक खरीदारी

इस बार करवा चौथ के साथ संकष्टी चतुर्थी का संयोग होने से महिलाएं करवा माता की पूजा के साथ भगवान गणेश की आराधना भी करेंगी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर मनाए जाने वाले इस पर्व में सुहागिनें दिनभर निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना और व्रत-कथा सुनने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। पंडित बोसेन्द्र पांडेय के अनुसार, इस बार पर्व पर बुधादित्य योग का संयोग बताया जा रहा है, जबकि शुक्रास्त भी रहेगा। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है और घरों में भी तैयारियां की जा रही हैं।





करवा और सजी थालियों की बढ़ी मांग

करवा चौथ के लिए बाजार में मिट्टी के पारंपरिक करवे के साथ डिजाइनर करवे भी उपलब्ध हैं। पूजा की थाली, छलनी, फूल और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए महिलाएं दुकानों तक पहुंच रही हैं। करवा की कीमत 40 से 400 रुपए, छलनी 20 से 200 रुपए और पूजा की थाली 50 से 500 रुपए तक में मिल रही है। श्रृंगार सामग्री के पैकेट 50 से 1,000 रुपए तक में उपलब्ध हैं। फूल के पैकेट 20 से 100 रुपए और नारियल 20 से 50 रुपए प्रति नग की दर से बिक रहे हैं। देसी घी की कीमत लगभग 1,000 से 1,600 रुपए प्रति किलो बताई जा रही है। सामग्री की कीमत गुणवत्ता, आकार और सजावट के अनुसार अलग-अलग है।

पर्व पर पारंपरिक परिधानों और श्रृंगार का विशेष महत्व होने से कपड़ा और कॉस्मेटिक दुकानों में भी चहल-पहल है। महिलाएं साड़ी, लहंगे, चूड़ियां, बिंदी, काजल, सिंदूर और अन्य श्रृंगार सामग्री खरीद रही हैं। सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी को लेकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

करवाचौथ पर सुहागिन महिलाएं आज रखेंगी व्रत



थान खम्हरिया। नगर सहित समूचे तहसील क्षेत्र में आज सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए दिनभर उपवास रहेंगी और ढलती चांदनी के वक्त चंद्रमा दर्शन पश्चात पति के हाथों जल ग्रहण कर उपवास तोड़ेंगी। इस अवसर पर आज नगर के गोल बाजार में मिट्टी के करवे की बिक्री खूब हुई, वहीं श्रृंगार दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ देखी गई। बाजार आज महिलाओं की खरीददारी से गुलजार रहा।हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है, इसमें सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला उपवास रखा जाता है।नगर के गोल बाजार में आज सुबह से ही महिलाओं की चहल-पहल रही। हाथों में मेहंदी रचाए, सोलह श्रृंगार किए महिलाएं बाजार में करवा, छलनी, दीपक और पूजा सामग्री खरीदती नजर आईं।मिट्टी के करवे बेच रहे दुकानदार पाहरू कुम्हार ने बताया इस बर्ष 50 रुपए से लेकर 250 रुपए तक के डिजाइनर करवे ▶▶| शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

बीएसपी सोसाइटी की मतदाता सूची जारी

भिलाई। बीएसपी एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-4 की मतदाता सूची जारी कर दी गई है। मतदाता 5 नवंबर तक अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। राज्य सहकारिता निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश के अनुपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवाशीष दास ने सोसायटी की मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सोसायटी के मतदाताओं किसी भी प्रकार की दावा या आपत्ति के लिए सेक्टर-04 ए मार्केट स्थित कार्यालय में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अधिकृत प्रबंधक सुदीप कुमार बनर्जी के पास 5 नवंबर तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इन दावों और आपत्तियों का निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 6 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से सोसायटी कार्यालय में किया जाएगा।

आगामी निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज नहीं है, अथवा नाम, पता या अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक सुधार कराने हेतु आवेदन करें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अतः सभी नागरिकों से आग्रह है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि आगामी निकाय चुनाव में कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, शिफ्टिंग या विलोपन हेतु बूथ लेवल ऑफिसर (बी एल ओ) या अधिकृत अधिकारियों से संपर्क करें।

चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज सड़क पर फैली गिट्टी से बढ़ा हादसे का खतरा, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज सड़क का पिछले दिनों मेंटेनेंस किया गया। इस दौरान लोहे के एंगल को जाम किया गया, इसके बाद मौके पर पड़ी गिट्टी को छोड़ दिया। यह अब मार्ग से गुजरने वालों के लिए हादसे का सबब बन रहा है। आए दिन बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। हादसों का शिकार हो रहे हैं। खास बात यहै कि निगम के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बारे में जानकारी भी दी जा चुकी है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं किया गया, जिसकी वजह से हर दिन हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग से गुजरना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के गुजरने से डर लगता है। धीमी रफ्तार में भी वाहन गुजराने पर अनियंत्रित होने का खतरा बना हुआ है। रात के समय ज्यादा परेशानी होती है। बता दें कि अंडर ब्रिज के रास्ते टाउनशिप की तरफ से आवाजाही होती है। पटरी के दोनों तरफ से जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है, जहां से 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। बावजूद इसके लापरवाही बरती जा रही है। गिट्टी फैलने से दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामने करना पड़ रहा है। पास में गर्डर होने के कारण इससे टकराने की संभावना बनी रहती है। इसे जल्द साफ नहीं किया गया तो दुर्घटना भी हो सकती है।





पिछले तीन दिनों से चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में गिट्टी फैली हुई है, 24 और 25 अक्टूबर को हुए मेंटेनेंस के बाद रेत और गिट्टी को छोड़ दिया गया है।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य को लेकर भी की चर्चा

दिवाली से पहले एजेंसियों का भुगतान होगा क्लीयर जरूरत पड़ने पर शासन को डिमांड भेजने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

धान खरीदी को लेकर केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभागार में समय-सीमा की बैठक हुई। चक्रवाती तूफान को लेकर कलेक्टर ने अलर्ट रहने के निर्देश दिए। 28 और 29 अक्टूबर को अर्नब तूफान के प्रभाव से बचने कारगर पहल करने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए तालाबों एवं सरोवरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण कार्य एजेंसी विभाग किसी भी प्रकार की भुगतान लंबित न रखें। राशि भुगतान, बजट के कारण लंबित हो तो शासन स्तर से विभागीय मद में बजट की मांग की जाए। कलेक्टर ने कहा कि लंबित देयक का भी निराकरण कर संबंधितों को भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी यह ध्यान रखें कि दीपावली के पहले किसी भी प्रकार का भुगतान लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि विगत राज्योत्सव के लंबित देयक का भुगतान भी विभागों से होना है। सभी विभागीय अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देवें।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी माह में जिले के चार नगरीय निकायों में निर्वाचन कार्य संपन्न होना है। निर्वाचन कार्य को सुचारू संचालन हेतु सभी विभागों की अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगायी जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विभागों को डाटाबेस एन्ट्री कराने की प्रक्रिया जारी है। सर्व विभाग प्रमुख अधिकारी निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की डाटाबेस एन्ट्री एनआईसी दुर्ग में कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के रिसाली एवं भिलाई नगर निगम के कुछ वार्डों की मतदाता सूची की शिफ्टिंग में गलतियां पायी गई है। संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आधार पत्रक एवं साफ्टवेयर की जांच कराएं और जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस दिया जाए।





ई-ऑफिस प्रक्रिया में लंबित फाइल का त्वरित करें निराकरण

ई-ऑफिस प्रक्रिया के तहत फाईल लंबित न रखकर पार्क करना सुनिश्चित करें। विभाग में जिस कर्मचारी द्वारा फाइले लंबित रखी गई हो उसे संबंधित विभाग/कार्यालय प्रमुख समक्ष में निराकरण करायें। कलेक्टर ने अवगत कराया कि आगामी दिनों में जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने जा रही है। इस वर्ष 123 खरीदी केन्द्रों में धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अभी से इन केन्द्रों में समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरीय निकाय भिलाई-3 चरोदा, जामुल एवं उतई में एसटीपी हेतु भूमि आबंटन कार्यवाही प्रगति लाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु सबंधित तहसीलदार को आवश्यक जानकारी भू-अभिलेख शाखा को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में दुर्ग आयुक्त लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, एडीएम विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सिल्ली थामस, अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त सुदेश सुन्दरानी, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

अमर्यादित टिप्पणी कांग्रेस की हताशा और संस्कारों को करती है उजागर : डॉ. चौधरी

भिलाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद पर आसीन प्रधानमंत्री के प्रति ऐसी भाषा का प्रयोग राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। भाजपा प्रदेश सह-संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होना चाहिए, व्यक्तित्व का अपमान नहीं। लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना हर किसी का अधिकार है, लेकिन अभद्र भाषा किसी भी नेता की गरिमा को बढ़ाती नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक सोच और संस्कारों पर सवाल खड़े करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के जनादेश से चुने गए नेता हैं। उनका विरोध करने के लिए कांग्रेस को तथ्यों, नीतियों और जनहित के मुद्दों पर बात करनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा लेना चाहिए।कांग्रेस नेतृत्व को समझना चाहिए कि शब्दों की मर्यादा ही लोकतंत्र की गरिमा है।



भाजपा नेताओं पर कांग्रेस का पलटवार

दुर्ग। पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेत्री प्रेमलता साहू ने भाजपा नेताओं के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर दिए जा रहे बयान को लेकर कहा कि उनका दोहरा चरित्र सामने आ चुका है। भाजपा के नेता देश के महापुरुषों को बदनाम करने में कभी पीछे नहीं रहे। भाजपा की कुंठित मानसिकता किसी से छिपी नहीं है। प्रेमलता ने कहा कि असली मुद्दा यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री के परिवारवाद पर सवाल उठाया है, तो भाजपा तिलमिला गई है। भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके, जो पार्टी रोज गांधी-नेहरू परिवार के दिवंगत नेताओं का अपमान करती हो, वह हमें संस्कार और मर्यादा का पाठ न पढ़ाए। जनता सब जानती है कौन लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहा है।

नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर आज

दुर्ग। समाज सेवा एवं जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन परिवार एवं वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक श्रमण संघ के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर को नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मानव मिलन संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि एवं साध्वी लक्ष्मी का सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही राजनांदगांव की सेवा भाभी संस्था उदयाचल परिवार के द्वारा दांत एवं नेत्र रोग की चिकित्सा एवं परामर्श का यह शिविर जय आनंद मधुकर भवन बांदा तालाब दुर्ग में आयोजित होगा। शिविर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा। आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले नागरिक नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य से संबंधित अपनी समस्याओं के बारे में विशेषज्ञों से परामर्श ले सकेंगे।

एफसीआई में चला स्वच्छता अभियान अफसरों ने श्रमदान कर लगाया झाड़ू



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय खाद्य निगम में विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना तथा लंबित मामलों को न्यूनतम करना रहा।

कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर की सफाई की गई। इस दौरान विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों ने श्रमदान और आसपास सफाई रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। एफएसडी द्वारा इस अभियान के माध्यम से स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्यकुशल कार्यालयीन वातावरण विकसित करने तथा लंबित कार्यों के समयबद्ध निस्तारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

गोवर्धन पूजा पर अवकाश के निर्णय का सर्व समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दीपावली के दूसरे दिन मनाए जाने वाले पर्व गोवर्धन पूजा के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन (अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ) ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत किया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा, आस्था, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, गौवंश के संरक्षण और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है।



■ अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ ने जताया हर्ष

उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत विभिन्न पर्वों, त्योहारों, लोक परंपराओं और सामाजिक मान्यताओं से समृद्ध है। छत्तीसगढ़ की अपनी विशिष्ट लोक संस्कृति एवं परंपराएं हैं, जिनमें गोवर्धन पूजा का विशेष स्थान है। ऐसे महत्वपूर्ण पर्व पर अवकाश की घोषणा प्रदेश की जनभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान की दिशा में स्वागतयोग्य कदम है।

दुकानदारों को वितरित किए डस्टबिन



दुर्ग। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और दुकानदारों को महापौर अलका बाघमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,एम एमआइसी ज्ञानेश्वर ताम्रकर,वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य हर्षिका संभव जैन,युवराज कुंजम सहित स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा कुणाल एवं निगम अमला के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निबू लाइन से जवाहर चौक होते हुए पांच कंडील तक के दुकानदारों के दुकानों में जाकर डस्टबिन वितरित किए गए। इस अवसर पर महापौरअलका बाघमार ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में ही डालें तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहन को ही कचरा सौंपें। सड़क, नाली एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा इधर-उधर न फेंकें, जिससे शहर की स्वच्छता बनी रहे और आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों एवं नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध निगम के नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए सभी दुकानदार स्वच्छता नियमों का पालन करें और दुर्ग शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

डेयरी पशुओं में प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर लगेगी रोक, निगरानी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में पशु कल्याण, अवैध पशु परिवहन की रोकथाम, पशु जन्म नियंत्रण, टीकाकरण और निराश्रित पशुओं के व्यवस्थापन सहित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई।

■ पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक संपन्न

कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिये है कि पशुओं के साथ बबर्रता और अवैध परिवहन के मामले में तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में संचालित अपंजीकृत पशु एवं मांस दुकानों का निरीक्षण करने और अनियमियतता मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। अवैध एवं बर्बरतापूर्ण तरीके से पशुओं का परिवहन करने वालों में सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आवारा श्वानों की नशबंदी, रेबीज टीकाकरण और कृमिनाशक



दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिये गये। साथ ही डेयरी पशुओं में आक्सीटोसिन जैसी प्रतिबंधित दवाओं के दुरूपयोग पर रोक लगाने हेतु नियमित निगरानी करने के निर्देश दिये। पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के प्रावधानों और दण्डात्मक कार्यवाही की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के संबंध में एक एसओपी तैयार कर संबंधित विभाग को प्रेषित करने पशुधन विकास विभाग को निर्देश दिये गये। बैठक में नगर निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त सुदेश सुन्दरानी, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, पुलिस, राजस्व, पशुधन विकास विभाग तथा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत आयोजन

भाजपा की पदयात्रा 30 को, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एसआईआर को लेकर आमजन के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के उद्देश्य से चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 30 अक्टूबर को दुर्ग शहर में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा प्रमुख रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी संचालन की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्री सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदयात्रा की रूपरेखा तय करने के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा संचालन हेतु टोली का गठन किया गया। बैठक में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, संतोष सोनी सहित अन्य प्रमुख रूप से

■ पदयात्रा की रुपरेखा के साथ कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी



एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत करने का माध्यम : बघेल

विजय बघेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन और विश्वसनीय होना अत्यंत आवश्यक है। एसआईआर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को लेकर समाज के बीच किसी भी प्रकार की भ्रांतियां नहीं रहनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे आम नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास को मजबूत करें। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। ललित चंद्राकर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों में जागरूकता और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति विश्वास आवश्यक है। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, अलका बाघमार तथा प्रीतपाल बेलचंदन ने भी विचार रखे।

भाजपा का कांग्रेसी सत्ता वाले निगमों में हल्ला बोल 3 और 5 नवंबर को

भिलाई। नगर निगम भिलाई और नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में कथित भ्रष्टाचार, विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतों तथा सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था की बदहाली को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। 3 नवंबर को भिलाई तथा 5 नवंबर को नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में प्रदर्शन किया जाएगा। जिला प्रभारी रामजी भारती ने कहा कि नगर निगमों से जुड़े जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाना आवश्यक है। सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं का सीधा संबंध आम नागरिकों के दैनिक जीवन से है। इन व्यवस्थाओं में कमी या लापरवाही की शिकायतों पर संबंधित प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। जिला अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि नगर निगमों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना जरूरी है। विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर सामने आने वाली शिकायतों की जांच होनी चाहिए। जनता को यह जानने का अधिकार है कि विकास कार्यों पर खर्च होने वाले संसाधनों का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है और नागरिकों को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

जेएलएनएच आरसी में महिला ठेका श्रमिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेक्टर 9 हास्पिटल में मेडिकल एचआर विभाग द्वारा महिला ठेका श्रमिकों के लिए जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. उदय कुमार ने उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन एवं रखरखाव में ठेका श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके कल्याण, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

महाप्रबंधक संजय शर्मा ने कहा कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन कार्यबल के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, सुरक्षा एवं पारदर्शिता के



प्रति प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक शीबा थॉमस कार्यक्रम का संचालन ने किया।

सहायक महाप्रबंधक जया रॉय ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम के प्रावधानों पर जानकारी दी। आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर प्रकाश डाला।

खबर संक्षेप



टीकाकरण व्यवस्था का सरपंच ने किया निरीक्षण

उतई। ग्राम पंचायत सांकरा स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण अभियान का युवा सरपंच रवि सिंगौर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में टीकों की उपलब्धता, भंडारण एवं आवश्यक औषधियों के संबंध में स्वास्थ्यकर्मियों से जानकारी प्राप्त की। सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि समय पर टीका लगवाना बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य और गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

आंतों की सेहत और पंचकर्म पर दी जानकारी



उतई। प्रिज्म प्राइवेट आईटीआई, महकाखुर्द (उतई) में आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता प्रसार के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) डुंडेरा की आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विजेयता वर्मा (एम.डी. आयुर्वेद) एवं शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग की डॉ. सरला बांधे (एम.डी. आयुर्वेद) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. विजेयता वर्मा ने कहा कि बेहतर आंत्र (आंतों का) स्वास्थ्य ही संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य का आधार है। संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, शारीरिक व्यायाम और मानसिक तनाव प्रबंधन को अपनाकर जीवनशैली में सुधारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने आयुर्वेद के मौलिक सिद्धांतों की जानकारी देते हुए बताया कि यह पद्धति रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य संरक्षण पर बल देती है। डॉ. सरला बांधे ने पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

नवीन मतदाताओं को किया जागरूक

उतई। दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय, मचांदूर (जिला दुर्ग) में 'इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' (निर्वाचन साक्षरता क्लब) तथा 'राष्ट्रीय सेवा योजना' (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम मचांदूर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) जयंती साहू तथा तिलेश्वरी गजपाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएलओ जयंती साहू ने नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 'प्रारूप-6' (फॉर्म 6) का वितरण किया। इस दौरान फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया ने विद्यार्थियों को नए मतदाता के रूप में अपना नाम पंजीकृत कराकर आगामी निर्वाचनों में मतदान कर एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्य विकास कुमार, हितेंद्र कुमार वर्मा, छात्र प्रतिनिधि लच्छू पटेल (बी.कॉम. पंचम सत्र) सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

संगठन की मजबूती ही मुख्य ध्येय : साहू

अंडा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संचालित 'संगठन सृजन अभियान' के तहत प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तिरगा, थानौद, भरदा, गनियारी एवं कोटनी सेक्टर समितियों की संगठनात्मक बैठकों में भाग लिया। बैठक में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए साहू ने कहा कि सेक्टर समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के विचारों और नेतृत्व को बल देने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से धरातल पर सक्रिय होना होगा।

15 दिनों में समाधान न होने पर साथ धरने पर बैठने की दी चेतावनी

किसानों के आंदोलन के 50वें दिन पहुंचे पूर्व विधायक बाफना, दिया पूरा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

आईडीबीआई बैंक से जुड़े ऋण मुक्ति विवाद और कृषकों की विविध समस्याओं को लेकर किसान समिति की क्रमिक भूख हड़ताल निरंतर जारी है। आंदोलन के 50वें दिन पूर्व विधायक लाभचंद बाफना धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने पूर्व विधायक की इस पहल व समर्थन का स्वागत किया है।

पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने ग्राम परसबोड़ में ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्या पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल बातचीत की। उन्होंने ट्रांसफार्मर हटाने, न्यूनतम मांग पत्र (डिमांड नोट) तैयार करने तथा नियमानुसार राहत दिलाने का प्रयास करने की बात कही। इसके साथ ही बैंक ऋण मुक्ति मामले में प्रबंधन से चर्चा कर आवश्यक जानकारी जुटाने व किसानों की सहायता का भरोसा दिया। बाफना ने स्पष्ट किया कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर समस्याओं के निराकरण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे स्वयं किसानों के साथ धरने पर बैठेंगे। किसानों ने बाफना के इस पहल का स्वागत किया।

मामला निजी बैंक से जारी कर्ज का, परेशान है अंचल के किसान



50 दिनों से जारी है क्रमिक भूख हड़ताल

आईडीबीआई बैंक ऋण मुक्ति विवाद को लेकर किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं। किसानों का आरोप है कि ऋण मुक्ति के नाम पर उन्हें उचित राहत नहीं मिली है। इसी विषय पर किसान समिति के नेतृत्व में जारी क्रमिक भूख हड़ताल 50वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। समाधान न होने से किसानों में गहरा आक्रोश है। किसान बैंक प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों से निष्पक्ष जांच, जानकारी को सार्वजनिक करने तथा समस्याओं के पारदर्शी समाधान की मांग कर रहे हैं।

किसान नेता चंदेल ने की पहल की सराहना

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने पूर्व विधायक लाभचंद बाफना द्वारा किसानों की सुध लेने और समाधान हेतु कदम उठाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों को किसान हितों के प्रति गंभीर होना चाहिए।

गोवंश की अव्यवस्था से फसलें प्रभावित, ग्राम-स्तरीय बैठकों की मांग

भूख हड़ताल के दौरान क्षेत्र में गोवंश की अव्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उभरा। किसानों ने बताया कि सड़कों और खेतों में घूम रहे गोवंश के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है, वहीं उचित रखरखाव न होने से पशु भी असुरक्षित हैं।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किसानों ने गोवंश के समुचित व्यवस्थापन, धान का समर्थन मूल्य 3,358 रुपये प्रति क्विंटल करने सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन उप-विभागीय अधिकारी (एसडीएम) को सौंपा। ज्ञापन में प्रशासन को विस्तार से जानकारी भेजी गई और मामलों के संदर्भ में अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने अतिशीघ्र समाधान निकालने और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

15 दिनों की कार्रवाई पर टिकी नजरें

आंदोलन के 50वें दिन पूर्व विधायक लाभचंद बाफना का समर्थन और 15 दिनों का समय देना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। अब किसानों और क्षेत्रवासियों की नजरें प्रशासन, विद्युत विभाग और बैंक प्रबंधन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

किसान आंदोलन के समर्थन में भाजपा के 13 पदाधिकारियों व सदस्यों ने दिया इस्तीफा



धमधा। किसानों की मांगों को लेकर चल रही क्रमिक भूख हड़ताल के बीच धमधा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। किसान समस्याओं का समाधान न होने से असंतोष व्यक्त करते हुए भाजपा समर्थकों ने त्यागपत्र दे दिया है। इस्तीफा देने वालों में भाजपा मंडल धमधा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष डॉ. हर्ष साहू सहित कई सक्रिय सदस्य शामिल हैं। इन्होंने अपने त्यागपत्र भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट को मोबाइल के माध्यम से भेजे हैं। इस्तीफा देने वाले सदस्यों ने किसान आंदोलन के प्रति जनप्रतिनिधियों की उपेक्षात्मक भूमिका पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि क्षेत्र के भाजपा विधायक ईश्वर साहू के आंदोलन स्थल पर न पहुंचने और समस्याओं का हल न निकलने से वे आहत हैं। हालांकि सांसद विजय बघेल और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने सहयोग का आश्वासन दिया था, परंतु धरातल पर ठोस कार्रवाई न होने से असंतोष गहरा गया है। त्यागपत्र देने वाले प्रमुख सदस्यों में डॉ. हर्ष साहू (अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भाजपा मंडल धमधा), तेजराम साहू (सक्रिय सदस्य), कमलेश जंघेल, भरत गिरी गोस्वामी, दुवासू साहू, नेतूराम साहू, भानुप्रताप साहू, लीलाराम, चेतन देवांगन, अनिल कुमार, दूजलाल, सावंत साहू एवं खेमगिरि गोस्वामी हैं।

सरपंच संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नांदघाट के लरिया निषाद राज धर्मशाला में नवागढ़ ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक रखी गई, जिसमें लालन यादव ने सरपंचों की समस्याओं को उल्लेखित करते हुए कहा कि सरपंच लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने पंचायत क्षेत्र का प्रतिनिधि है। उनके ऊपर क्षेत्र के विकास का दारोमदार है। लेकिन कुछ कर्मचारियों अधिकारियों ने व्यक्तिगत लाभ व स्वार्थवश सरपंच का आर्थिक मानसिक शोषण कर उसके संवैधानिक अधिकार का हनन किया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों की शिकायत की जाएगी।



पंचायती राज व्यवस्था के मुख्य केंद्र गांव है, जहां के समग्र विकास का संकल्प लेकर सरपंच काम करते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के सभापति अंजू बघेल ने कहा कि सरपंच ग्रामीण भारत के विकास के ध्वजवाहक हैं। केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक क्रियान्वयन में सरपंच मुख्य भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पंचायत में स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने तथा अकारण विलंबित करने वाले तत्वों पर कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। साथ ही जिला पंचायत के सदस्य सभापति के रूप में सरपंचों के साथ सदा खड़ा रहने की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

बैठक में सरपंचों ने अपनी व्यवहारिक समस्याओं पर खुलकर विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा इन सबके संदर्भ में क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल का ध्यान आकृष्ट कराने जिला मुख्यालय में उनके साथ मुलाकात करने गए।

जहां उन्होंने विस्तार से सबको तो सुना, साथ ही साथ उनके समस्याओं के निराकरण की दिशा में तत्काल आवश्यक कदम भी उठाए। नवागढ़ क्षेत्र के सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष लालन यादव ने समस्त सरपंचों की ओर से मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सात स्कूलों में बच्चों को बताए सुरक्षा के पांच कानून



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी देने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कानून जानो, बचपन बचाओ अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत जिले के सात स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर लगाकर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को पॉक्सो सहित बच्चों की सुरक्षा से जुड़े पांच प्रमुख कानूनों की जानकारी दी गई।

- जिले में 'कानून जानो, बचपन बचाओ' अभियान तेज

शिविरों में बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 (पॉक्सो) की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कानून बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे अपराधों की जानकारी मिलने पर संबंधित प्राधिकारियों को सूचना देना जरूरी है। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के प्रावधानों के तहत बच्चों से प्रतिबंधित कार्य कराने पर कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अंतर्गत बताया गया कि सामान्य कानूनी प्रावधानों के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होनी चाहिए। इसी तरह किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के माध्यम से देखरेख एवं संरक्षण की जरूरत वाले तथा कानून से संघर्षरत बच्चों के लिए निर्धारित व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार के बारे में बताया गया। बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुरक्षा की स्थिति में चुप नहीं रहने और मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और आपातकालीन सहायता नंबर 112 की जानकारी दी गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई। अभियान के तहत रेडियंस पब्लिक स्कूल लोलेसरा, शासकीय हाई स्कूल लोलेसरा तथा शासकीय मिडिल स्कूल उघरा, हथमुड़ी और भीजाभाट सहित अन्य विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। साजा में व्यवहार न्यायाधीश माला यादव की उपस्थिति में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि और अधिकार मित्र शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि अभियान का शुभारंभ 10 अक्टूबर को किया गया था। इसके प्रथम चरण में 26 से 31 अक्टूबर तक सघन जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों से परिचित कराना और सुरक्षित बचपन के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।



सुहास गोविंद पोल की स्मृति में कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ की ओर से शरद पूर्णिमा पर साहित्यकार स्वर्गीय सुहास गोविंद पोल की स्मृति में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवियों ने गीत, गजल, मुक्तक, हास्य और वीर रस की रचनाओं से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय सलाहकार महेंद्र विरदी थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेक पोल ने की। पार्षद नीतू कोठारी और वरिष्ठ साहित्यकार विनोद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मां सरस्वती के पूजन-अर्चन और भाग्यश्री पोल की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महेंद्र विरदी ने स्वर्गीय पोल को पेशे से वकील, हृदय से कवि और कर्म से साहित्य साधक बताते हुए कहा कि चांद पूरा है, फिर इंसान अधूरा क्यों है? चांदनी अमीर की छत और गरीब की झोपड़ी, दोनों पर उतरती है। विवेक पोल ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने और रचनाकारों को मंच देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विनोद शर्मा ने पोल से जुड़ी स्मृतियां साझा कीं। रायपुर से आए हर्ष व्यास ने गीतों और छंदों से समां बांधा। सुनील शर्मा नील ने वीर रस की कविताओं से जोश भरा और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया। प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल शर्मा ने गजल और मुक्तक प्रस्तुत किए। उनकी पंक्तियां 'बेपरवाह लहरों से कभी हारा नहीं हूं, टूटे जाएं थपेड़ों से वो किनारा नहीं हूं' पर खूब तालियां बजीं। जयेन्द्र कौशिक ने गीत और महिया छंद सुनाए, जबकि ढाल सिंह राजपूत, मनोज बख्शी और मनीष वर्मा ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में अरविंद गोस्वामी, मनील राजपूत, अजय तिवारी, देवांगन सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। संचालन मनोज बख्शी ने किया और भानु साहू ने आभार व्यक्त किया।

भाजपा किसान मोर्चा मुरमुंदा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

ओखरा/मुरमुंदा। भारतीय जनता पार्टी मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष जयराम धीवर ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक चंद्र ठाकुर, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी रामजी भारती की सहमति एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन तथा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दीपक यादव के निर्देशानुसार यह घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष भूपेंद्र मढरिया (लिमतरा), रूपनारायण बंछोर (नंदौरी), देवानंद वर्मा (अछोटी) एवं धर्मेंद्र साहू (मुरमुंदा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं महामंत्री पद की कमान झालाराम मढरिया (लिमतरा) और भोजेश्वर साहू (अकोला) को दी गई है। इसके साथ ही मंत्री पद के लिए ओंकार निषाद (ढौर-लहंगा), कोमल साहू (मलपुरी-खुर्द), रोहित साहू (मुर्री) व टीकाराम यादव (खेरधी) तथा कोषाध्यक्ष पद पर ठाकुर राम साहू (खेरधा) और सह-कोषाध्यक्ष के रूप में रज्जू मढरिया (चेटुवा) को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी का दायित्व हेमंत कुमार यादव (खेरधी) और सह-प्रभारी का कन्हैया निषाद (करहीडीह) को मिला है, जबकि प्रचार-प्रसार मंत्री परमानंद यादव (मलपुरी-खुर्द) एवं सह-मंत्री नारायण प्रसाद दिवाकर (लहंगा-डूमर) बनाए गए हैं।

सामाजिक सद्भावना यात्रा का किया स्वागत आपसी भाईचारे व संस्कारों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

जिला साहू संघ दुर्ग द्वारा साहू सदन केलाबाड़ी, दुर्ग से 'सामाजिक सद्भावना यात्रा' का शुभारंभ किया गया। यात्रा का प्रथम पड़ाव पाटन तहसील के अरसनारा परिक्षेत्र में रहा। यहां ग्राम पतोरा एवं सेलूद में परिक्षेत्रीय व स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात सेलूद स्थित विश्राम गृह में आयोजित सभा में सामाजिक सद्भावना का संदेश दिया गया। स्वागत भाषण परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने दिया तथा आभार प्रदर्शन संतोष साहू ने किया। इस अवसर पर जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता, सद्भाव बढ़ाना है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महिला संयोजिका दिव्या कलिहारी, प्रदेश प्रचार सचिव सुनील साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जिला महासचिव अश्वनी साहू, मंजू साहू, कृष्णा साहू, गंगादीन साहू, दुलेश्वर साहू, सुरेन्द्र साहू, पूना राम साहू, कौशल बनपेला, विमला साहू, अर्जुन साहू, गोपेश साहू, शशिभूषण साहू, शालिक साहू, उषा साहू, ललेश्वरी साहू, ललिता साहू, तनुजा साहू, रवि साहू, खेमीन साहू, राकेश साहू, जितेंद्र साहू, लेखराम साहू, करण साहू, जागेत्री साहू, अमृत साहू, दिनेश साहू, शिवकुमार साहू, गिरीश साहू, राजकुमार साहू, प्रेमलाल साहू, बाबूलाल साहू, डॉ. हेमंत साहू, रघुनंदन साहू, यामन साहू, बसंत साहू, महेंद्र साहू, प्रेमलता साहू, सुकेश्वर साहू, मनोज साहू, रूपेंद्र साहू, कृष्ण कुमार, देवेंद्र साहू, प्रदीप बनपेला, खम्मन साहू, ओगी राम साहू, ढालसिंह साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। अरसनारा परिक्षेत्र के कार्यक्रम के पश्चात यात्रा जामगांव आर परिक्षेत्र के लिए प्रस्थान कर गई।

पेज 9 के शेष

पावर एंड इस्पात प्लांट में प्रदूषण ...

पृथक्करण इकाई से धूल उड़ रही थी। इसके अलावा बैग फिल्टर से निकली धूल कूलर के पास, आई-बीम क्षेत्र और दोनों पृथक्करण इकाइयों में जमा मिली। निरीक्षण के दौरान चिमनी पर स्थापित ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली ओसीईएमएस का डाटा भी अपडेट नहीं पाया गया। संयंत्र की आंतरिक सड़कों पर धूल की मोटी परत जमा थी और नियमित पानी छिड़काव की व्यवस्था नहीं मिली। वाहनों की आवाजाही से धूल उड़ रही थी। वहीं, संयंत्र परिसर में साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए सुधार के निर्देश: मंडल ने इन कमियों को वायु अधिनियम, 1981 की धारा 21 के तहत जारी सहमति की शर्तों का उल्लंघन माना है। नोटिस में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों को तत्काल दुरुस्त कर उत्सर्जन निर्धारित मानकों के भीतर लाने, खुले में होने वाले उत्सर्जन पर रोक लगाने और बैग फिल्टर प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश प्रस्तावित किए गए हैं। इसके साथ ही जमा धूल को वैज्ञानिक तरीके से हटाने और सुरक्षित रखने, आंतरिक सड़कों की नियमित सफाई करने, पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने, ठोस कचरे का उचित निपटान करने तथा संयंत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने को कहा गया है। इन उल्लंघनों के लिए उद्योग पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने का प्रस्ताव भी नोटिस में शामिल है।

वित्तीय समावेशन शिविर ...

गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित बैंक को सूचित करना चाहिए।

पटवारियों की हड़ताल से ...

से प्रभावित न हों।

जल्द समाधान निकलने की उम्मीद : तहसीलदार : इस संबंध में तहसीलदार आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर महोदय को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि समस्या का शीघ्र समाधान निकलेगा और प्रभावित कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।

करवा चौथ की पूजा के ....

हलचल है। पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास के प्रतीक इस पर्व पर उपहार देने की परंपरा भी खरीदारी को बढ़ावा दे रही है। दुकानदारों को पर्व के दौरान कारोबार अच्छा रहने की उम्मीद है। हालांकि, पूजन सामग्री और अन्य वस्तुओं के दामों में अंतर का असर ग्राहकों के बजट पर भी पड़ रहा है। **मेहंदी और पार्लर में विशेष तैयारी:** करवा चौथ पर हाथों में मेहंदी रचाने की परंपरा के चलते मेहंदी सेंटरों में बुकिंग बढ़ने लगी है। महिलाएं पारंपरिक बेल-बूटों से लेकर अरेबिक और ब्राइडल डिजाइन पसंद कर रही हैं। वहीं, ब्यूटी पार्लरों में फेशियल, मेनीक्योर-पेडीक्योर, हेयर कट और हेयर ट्रीटमेंट के लिए विशेष पैकेज और छूट दी जा रही है। कुछ सेंटर घर पहुंचकर मेहंदी लगाने की सुविधा भी दे रहे हैं, जिसके लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है। **शाम को पूजन, रात में चंद्र-दर्शन:** पंडित बोसेन्द्र पांडेय के अनुसार, करवा पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 5:51 से 7:07 बजे तक बताया गया है। चतुर्थी तिथि 29 अक्टूबर को सुबह 1:08 बजे से रात 10:11 बजे तक रहने की जानकारी दी गई है। चंद्रोदय रात करीब 8:53 बजे होने का अनुमान है। महिलाएं पूजा और कथा के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर छलनी से चंद्र-दर्शन करेंगी और फिर व्रत खोलेंगी।

करवाचौथ पर सुहागिन ...

की बिकवाली हो रही हैं सुबह से बिकवाली शुरू हो जाती है महिलाएं मिट्टी के करवे को ही शुभ मानती हैं।वहीं श्रृंगार दुकानों पर चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर, महावर और साड़ियों की बिक्री में 30 प्रतिशत तक उछाल देखा गया। पार्लरों में भी मेहंदी लगाने के लिए लाइन लगी रही।

पूजा विधि और चंद्रोदय का मूल समय जानें: आज शाम को महिलाएं समूह में एकत्रित होकर करवा माता की कथा सुनेंगी। पूजा में करवे में जल भरकर, उसमें सिक्का और अक्षत डालकर पूजा की जाती है। छलनी से चंद्रमा और फिर पति का दर्शन किया जाता है।आज थान खम्हरिया क्षेत्र मे चंद्रोदय का समय रात 8 बजकर 15 मिनट के आसपास रहेगा। चांद दिखने के बाद पति अपनी पत्नी को छलनी से देखकर जल पिलाएंगे और व्रत का पारण होगा। इसके बाद कई परिवारों में बड़ों का आशीर्वाद लेने की भी परंपरा है।इस प्रकार आज अंचल मे करवाचौथ का पर्व पूरे उत्साह व पारंपरिक रूप से मनाई जायगी।



खबर संक्षेप

बोरे में बंद मिला मानव सिर, पहचान अब तक नहीं, हत्या की आशंका

भिलाई। भिलाईनगर थाना अंतर्गत भिलाई निवास के पीछे मानव सिर का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई । कंकाल का शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर स्थित भिलाई निवास के पीछे मंगलवार को बोरी में मानव सिर मिला जो सिर बुरी तरह सड़ चुका है। बीएसपी की सेप्टिक लाइन में पानी जाम होने की शिकायत पर सफाई कर्मी मौके पर पहुंचे थे। सफाई कर्मी लाइन और आसपास की सफाई कर रहे थे। तभी उन्हें बोरी में मानव सिर दिखाई दिया। कर्मियों ने तुरंत अपने अफसरों को सूचना दी, उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।पंचनामा कार्रवाई के बाद सिर को पीएम के लिए भेज दिया गया। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बरामद सिर नर कंकाल का होने का संदेह जताया जा रहा है। काफी समय से पड़े होने के कारण सिर बुरी तरह सड़ चुका है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सिर वहां कैसे पहुंचा। संदेह है कि सिर बहकर सेप्टिक लाइन तक आया होगा, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

7 दिनों में 201 स्थायी व गिरफ्तार वारंटियों को भेजा गया न्यायालय

भिलाई। पुलिस ने सात दिनों से भियान चलाकर 201 स्थायी व गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया। इसमें कई लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली भी कराई थी।
न्यायालयीन आदेशों के पालन कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने दुर्ग पुलिस का अभियान 20 से 26 अक्टूबर तक चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी थाना, चौकी क्षेत्रों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की पतासाजी कर उनकी गिरफ्तारी के लुए विशेष प्रयास किया गया।

बेमेतरा में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत प्रेसवार्ता

मतदाता सूची विवाद पर कांग्रेस का प्रदर्शन चुनाव आयोग से मांगा सूची में बदलाव का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मतदाता सूची से कथित तौर पर 13.3 करोड़ नाम हटाए जाने के दावे को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जवाबदेही तय करने और विस्तृत आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की है। बुधवार को राजीव भवन में 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रेसवार्ता को एआईसीसी पर्यवेक्षक शरद अहीर ने संबोधित किया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे और मोहम्मद अकबर, जिला प्रभारी सुनील महेश्वरी, पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मौजूद रहे । श्री अहीर ने सवाल उठाया कि मतदाता सूची से कितने नाम हटाए गए, किन कारणों से हटाए गए और संबंधित मतदाताओं को इसकी सूचना कैसे दी गई। पार्टी ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार की रक्षा के लिए मतदाता सूची में होने वाले हर बदलाव का हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए। प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने के नाम पर किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। पार्टी ने नाम जोड़ने और हटाने के आंकड़े राज्यवार एवं श्रेणीवार जारी करने, संशोधन का रिकॉर्ड सार्वजनिक करने तथा प्रभावित मतदाताओं की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने की मांग की।

नाम हटाने के आंकड़े सार्वजनिक करे आयोग : कांग्रेस नेताओं ने पूछा कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मामलों में कितने मतदाता मृत थे, कितने दूसरे स्थानों पर चले गए थे, कितने मामलों में दोहरे पंजीकरण की स्थिति थी और कितने नाम अन्य कारणों से हटाए गए। पार्टी का कहना है कि इन सभी श्रेणियों का आधिकारिक ब्योरा सामने आने से ही नाम हटाने के दावों की वास्तविकता स्पष्ट होगी। कांग्रेस ने मांग की कि चुनाव आयोग आंकड़ों के साथ यह भी बताए कि मतदाताओं को सूचना देने और आपत्तियों के निराकरण के लिए क्या व्यवस्था की गई।

कथित वोट चोरी के आरोपों की जांच की मांग : प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र और हरियाणा से जुड़े कथित चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे भी उठाए। पार्टी ने संदिग्ध मतदाता प्रविष्टियों, दोहरे पंजीकरण और मतदाता सूची में असामान्य बदलावों की जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए आरोपों की निष्पक्ष जांच और तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है।

चुनाव आयोग की जवाबदेही पर जोर

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। पार्टी ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया, आयोग की संस्थागत स्वतंत्रता और चुनावी पारदर्शिता को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में संशोधन, नाम हटाने के कारणों और शिकायतों पर हुई कार्रवाई का रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

एक नवंबर की दिल्ली रैली के लिए लामबंदी

'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस ने जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची का सत्यापन करने तथा कथित गड़बड़ियों से जुड़ी शिकायतों का दस्तावेजीकरण करने का आह्वान किया। साथ ही एक नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने कहा गया। चुनाव आयोग मतदाता सूची से नाम हटाने के आंकड़े, उनके कारण और संबंधित शिकायतों पर की गई कार्रवाई का आधिकारिक ब्योरा सार्वजनिक करे। हालांकि, 13.3 करोड़ नाम हटाए जाने के दावे और कथित चुनावी अनियमितताओं की स्वतंत्र पुष्टि आधिकारिक रिकॉर्ड के आधार पर किया जाना आवश्यक है।

लइका चिन्हारी एप से आउट ऑफ स्कूल व दिव्यांग बच्चों की होगी पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शाला त्यागी बच्चों की पहचान पर जोर

जिले में शाला त्यागी, अप्रवेशी और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सही पहचान त्वरित पंजीयन और नियमित निगरानी के लिए तैयार किए गए लइका चिन्हारी मोबाइल ऐप का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज बेमेतरा के सेजेस कन्या स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नकुल प्रसाद पनागर, सहायक संचालक एसपी कोशले, सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजकुमार वर्मा के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षण का संपूर्ण प्रभार एवं प्रशासनिक संबंध में मास्टर ट्रेनर्स खेमराज साहू एपीसी, रमा गोस्वामी एपीसी, जीवधन लाल देवांगन व्याख्याता ने संभाला। कार्यशाला के सफल संचालन में भूपेंद्र कुमार साहू एपीसी, दिनेश शर्मा सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी ने अपना सहयोग प्रदान किया। जिले के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों को जिला स्तर पर लाइका चिन्हारी अप एवं वीरगाथा 6.0 के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इसके बाद संकुल स्तर पर संस्था प्रमुखों और स्थानीय सर्वेक्षकों साक्षरता प्रेरक, मानदेय कार्यकर्ता अतिथि शिक्षक आदि को ऐप चलाना सिखाया जाएगा। जिससे सर्वे का काम बिना किसी तकनीकी रुकावट के समय पर पूरा हो सके। कार्यक्रम के, में अधिकारियों ने बताया की इस ऐप के माध्यम से एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यही इस पूरे अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

बच्चों को सुसंस्कृत व स्वरोजगार की ओर करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ दुर्ग के तत्वावधान में पाटन तहसील के पांचों परिक्षेत्रों में 'संस्कार सद्भावना यात्रा' निकाली गई। ग्राम पतोरा से आरंभ होकर सेलूद पहुंची यात्रा का विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया गया। विश्राम गृह में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि परिवार के भीतर बच्चों को सुसंस्कृत करने के साथ-साथ उन्हें व्यवसाय व स्वरोजगार की ओर प्रेरित करें। यात्रा जामगांव आर परिक्षेत्र से बेल्लारी परिक्षेत्र स्थित वृन्दा देवी मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके उपरांत यात्रा तेलीगुण्डरा परिक्षेत्र के आनंद मठ कौही स्थित विशाल भक्त माता मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद जिलाध्यक्ष ने सामाजिक नियमावली के पालन का आह्वान किया। तत्पश्चात ठकुरानी टोला घाट शिव मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद झीठ परिक्षेत्र में यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में प्रमुख रूप से कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल साहू, मुख्य सलाहकार रमेश साहू, कोषाध्यक्ष दिग विजय साहू, कृष्ण कुमार साहू, सुनील साहू, महासचिव अश्वनी साहू, सुगम साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महेन्द्र साहू, अशोक कुमार साहू, दिनेश साहू, डुलेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

नवागढ़ कॉलेज में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में 30 अक्टूबर को कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे महाविद्यालय के सभागार कक्ष क्रमांक 05 में होगा। इसमें नायब तहसीलदार सहोरिक यादव मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा में सफलता प्राप्त करने की रणनीति और शासकीय सेवाओं में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को उनकी रुचि और योग्यता के अनुरूप कैरियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आत्मविश्वास विकसित करना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने और इसका लाभ उठाने की अपील की है।

पटवारियों ने निकाली हुंकार रैली, कलेक्ट्रेट पहुंच सौंपा ज्ञापन

पटवारियों ने पीवी ऐप की खामियों, वेतन विसंगति और पदोन्नति में देरी पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लंबित मांगों और कार्यक्षेत्र में आ रही व्यवहारिक व तकनीकी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने बुधवार को बेमेतरा में हुंकार रैली निकाली। बिगड़े मौसम और बारिश के बीच जिलेभर के पटवारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। संघ ने स्पष्ट किया कि समस्याओं का व्यावहारिक समाधान नहीं होने तक उनका अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

रैली शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां कलेक्टर की ओर से तहसीलदार जयंत पटले को ज्ञापन सौंपा गया। संघ का कहना है कि पीवी ऐप के माध्यम से फसल के भौतिक सत्यापन के दौरान नक्शे से जुड़ी खामियां लगातार सामने आ रही हैं। इन समस्याओं को लेकर शासन और विभाग को पहले भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। पटवारियों ने पीवी ऐप की तकनीकी खामियों को प्रमुख मुद्दा बताते हुए कहा कि फसल सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में नक्शे की त्रुटियां व्यावहारिक दिक्कतें पैदा कर रही हैं। संघ ने बिना पर्याप्त प्रशिक्षण और जानकारी के पटवारियों को धान खरीदी केंद्रों का नोडल अधिकारी बनाए जाने पर भी आपत्ति जताई। पहले से कई जिम्मेदारियां निभा रहे पटवारियों पर अतिरिक्त कार्यभार डालने से कामकाज प्रभावित होने की आशंका जताई गई।

निलंबन, नोटिस और स्थानांतरण की कार्रवाई रद्द करने की मांग: संघ ने हड़ताल अवधि के दौरान विभिन्न जिलों में पटवारियों के खिलाफ जारी कारण बताओ नोटिस, स्थानांतरण और निलंबन की कार्रवाई को शून्य घोषित करने की मांग उठाई। पटवारियों का कहना है कि कार्यक्षेत्र में तकनीकी समस्याओं और अतिरिक्त जिम्मेदारियों के बीच कर्मचारियों पर कार्रवाई करना उचित नहीं है।

इसके अलावा वर्षों से लंबित वेतन विसंगति, वेतन निर्धारण में त्रुटियों और पदोन्नति के मामलों का निराकरण करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

बारिश के बीच किया प्रदर्शन

रैली से पहले हड़ताल स्थल पर पटवारियों ने नारेबाजी कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। मंच से विभिन्न पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए आंदोलन को जारी रखने की बात कही। इस दौरान भीम रेजिमेंट आर्मी के राष्ट्रीय संस्थापक दिनेश चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। उन्होंने पटवारियों की मांगों को किसान हित से जुड़ा बताते हुए उनके समर्थन में शासन-प्रशासन तक आवाज पहुंचाने की बात कही। रैली के दौरान प्रशासन ने पुलिस बल की तैनाती की थी। कार्यक्रम का संचालन पटवारी राजेश कुमार सोनी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पटवारी शैलेंद्र जायसवाल ने किया। संघ ने दोहराया कि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर आंदोलन जारी रहेगा। अब पीवी ऐप की तकनीकी खामियों, वेतन संबंधी विसंगतियों और कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई को लेकर शासन-प्रशासन का अगला कदम महत्वपूर्ण होगा।





रोल प्ले में अंधियारखोर स्कूल को दूसरा और लेंजवारा को लोक नृत्य में मिला तीसरा स्थान



बेमेतरा। राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा प्रायोजना अंतर्गत शालेय विद्यार्थियों में स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जीवन कौशल विकास हेतु जनसंख्या शिक्षा के विशिष्ट क्षेत्रों में थीम पर आधारित रोल प्ले एवं लोक नृत्य का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 नवंबर को संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग के मंथन हाल में किया गया। जिसमें बेमेतरा जिले से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियारखोर को रोल प्ले में द्वितीय स्थान व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा को लोक नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ के व्ही राव संयुक्त संचालक, डॉ पुष्पा पुरुषोत्तमन, के के शुक्ला, रचना श्रीवास्तव, एस एल धुरंधर सहायक संचालक, एवं निर्णायक गण डॉ शिशिरकना भट्टाचार्य, डॉ वेदांत सिंह, लता रघुकुमार बेमेतरा जिले से नोडल अधिकारी खेमराज साहू एपीसी, सुषमा शर्मा व्याख्याता व मीना पाटकर आदि लोग उपस्थित रहे।